## पांच सौ लीटर वॉश नष्ट

**उदयपुर,** (कासं)। घासा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया तथा पांच सौ लीटर वाश नष्ट की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी प्रवीणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही के दौरान जावड के जंगलो में 400 लीटर वाश एवं भट्टियां नष्ट की। इसी दौरान जावड के पारिया के शमशान के पीछे जंगल से मनोहरसिंह पुत्र गोविन्द सिंह निवासी वाड़ा वावड़ी जावड घासा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध शराब जब्त कर मौके पर शराब बनाने की भट्टी व 100 लीटर वाश नष्ट कर प्रकरण दर्ज किया।

# अफीम व 50 किलो डोडा चूरा के साथ युवक गिरफ्तार

**कानोड़,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस द्वारा दूसरे दिन एनडीपीएस की बड़ी कार्रवाई करते हुए डेढ़ किलो अफीम और 50 किलो डोडा चुरा के साथ एक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना अधिकारी मुकेश चन्द्र खटीक ने बताया कि मादक पदार्थ धरपकड़ अभियान के तहत गठित टीमों द्वारा थाना क्षेत्र के बिलीया बावजी चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान लुणदा की तरफ से स्विफ्ट कार नजर आई पुलिस नाकाबंदी को देखकर कार चालक गाड़ी को घूमाकर तेज गति से भागने लगा, जिस पर पुलिस टीमों को दो भागों में बांटकर अलग-अलग रास्तों पर भेजा , कार चालक पुलिस से बचने के लिए 10 किलोमीटर अलग-अलग रास्तों पर कार को दौड़ाता रहा, और उदपुरा गांव की तरफ ले गया जहां पर पुलिस टीमों द्वारा कार चालक को पकड़ लिया गया जिसने पूछताछ में अपना नाम ओम प्रकाश विश्नोई पिता गंगाराम विश्नोई निवासी सिया गांव पुलिस थाना सांचौर जिला जालौर होना बताया, पुलिस टीमों द्वारा कार की तलाशी ली गई ,कार के पीछे डिकी व सीट पर काले व सफेद रंग के चार कट्टों में अफीम डोडा चूरा जिसका वजन 49.53 किलोग्राम व कार में खलासी साइट की सीट के आगे डिक्की में 01.505 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम मिला, जिस पर उक्त अफीम डोडा चूरा व बरामद अफीम के बारे में अभियुक्त से पूछताछ की गई तो अफीम व डोडा चूरा रामा पाटीदार निवासी बालागुडा पिपल्या मंडी एमपी से लाना व और गांव मैं ले जाकर फुटकर धंधा करना बताया, जिस पर पुलिस द्वारा अफीम व डोडा चूरा जप्त करते हुए आरोपी ओमप्रकाश विश्नोई को गिरफ्तार किया जाकर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। अग्रिम अनुसंधान भींडर थाना अधिकारी पुनाराम गुर्जर को सौपी गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना अधिकारी मुकेश चंद्र खटीक, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण मीणा, आसूचना अधिकारी सुनील, कांस्टेबल दीपक ,सुनील ,भरत ,चेतन प्रकाश, ओम प्रकाश का सहयोग रहा।

# तिलक होली खेल जल संरक्षण का दिया संदेश

**उदयपुर,** (कासं)। फाल्गुनी बयार के संग होली का रंगारंग उल्लास हर ओर बिखरने लगा है। रंगों, उमंगों और सामाजिक समरसता का यह पर्व जन-जन को जोड़ने का कार्य करता है। इसी भावना के साथ जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय में बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में तिलक होली खेली गई। प्रतापनगर स्थित प्रशासनिक भवन में विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के साथ पारंपरिक रूप से तिलक होली खेली और परस्पर शुभकामनाएँ दीं। रंगों के इस पावन पर्व पर जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने होली के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व रंगों और खुशियों का प्रतीक है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। यह राग-रंग का पर्व बसंत ऋतु के सौंदर्य और उल्लास को चरम पर ले जाने वाला है। उन्होंने बताया कि फाल्गुन माह में मनाए जाने के कारण इसे 'फाल्गुनी' भी कहा जाता है।

प्रो. सारंगदेवोत ने समाज से आ ान किया कि होली का पर्व संयम और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा, होली और धुलंडी का आनंद अपने परिवार व प्रियजनों के साथ लें, तिलक होली खेलें, जिससे जल संरक्षण होगा और पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि होली हमें प्रेम, सहयोग और एकता का संदेश देती है, जिसे आत्मसात कर हमें समाज में सौहार्द बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, कुलसचिव डॉ. तरुण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और विद्यापीठ की निरंतर उन्नित की कामना की।

# लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने लूट के मामले में छह माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीडित 18 सितंबर 24 को पीडित नारायण पुत्र नानुजी निवासी लुणावतों का खेड़ा ने झाड़ोल पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 15 सितंबर को उदयपुर से गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में स्कूल के समीप चतरा पुत्र कमला व रिश्तेदार अम्बावा व लक्ष्मण पुत्र दीता निवासी लुणावतों का खेड़ा ने रोक कर मारपीट की तथा 15 हजार रूपये व मोबाईल लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पवर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने लूट के मामले में फरार आरोपी लक्ष्मण पुत्र दिता निवासी लुणावतों का खेड़ा झाड़ोल को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# पत्नी की हत्या का आरोप

**उदयपुर,** (कासं) । उदयपुर की विवाहिता विनीता जैन का पुणे में 25 फरवरी को संदिग्ध अवस्था में मिले शव के मामले में परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी पति को जल्द गिरफ्तार कर सजा देने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी 2025 को किसी परिचित के जरिए विनीता की मौत की खबर लगी। पुलिस इसे फांसी लगाकर सुसाइड बता रही है जबकि पति उस वक्त घर में ही मौजूद था। उसी ने इसकी हत्या की है। घटना के बाद से पति फरार है। परिजनों के अनुसार पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। इसे लेकर पुणे में मामला दर्ज कराया है। पुणे थाना की पुलिस बीते दिनों उदयपुर आई थी और यहां सवीना थाना पुलिस के साथ मिलकर पति हिमांशु के घर दबिश दी थी लेकिन वह नहीं मिला।मृतक विनीता के पिता हेमंत कुमार जैन ने बताया कि विनीता के पति हिमांशु जैन का अन्य महिला से अवैध संबंध था। ये जानकारी जब बेटी विनीता को पता लगी तो उसने कई बार पति से समझाइश की लेकिन वह नहीं माना।इसे लेकर कई बार झगडा होता था और वह विनीता के साथ मारपीट करता था। परिजनों ने बताया कि वर्ष 2017 में उन्होंने अपनी बेटी विनीता की शादी हिमांशु जैन से की थी। हिमांशु पुणे में आईटी कम्पनी में जॉब करता है। वह एक डांस ठ्रुप में भी काम करता है। विनीता के 11 माह की एक बेटी थी। जिसकी बीते साल बैड से गिरने के बाद मौत हो गई थी।






# के.के. गुप्ता के न्याय मित्र नियुक्त होने पर शहरवासियों में हर्ष

**उदयपुर/डूंगरपुर,** (कासं)। नगर परिषद सभापति कार्यकाल के दौरान डूंगरपुर को जनजाति अंचल की पिछड़े और अल्प विकसित निकाय से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने वाले तथा पूर्ववर्ती सरकारों में प्रदेश स्तरीय स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर (शहरी निकाय) रह चुके के के गुप्ता को माननीय लोक अदालत जिला उदयपुर द्वारा उदयपुर शहर का न्याय मित्र नियुक्त किया गया है।

■ **मातृशक्ति ने गुप्ता का किया बहुमान, कहा : न्याय मित्र गुप्ता के मार्गदर्शन में उदयपुर बनेगा सबसे स्वच्छ शहर**

गुप्ता की नियुक्ति के पश्चात उदयपुर शहर के लोगों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है और यहां के बाशिंदे अब अनुभूति कर रहे हैं कि उदयपुर शहर स्वच्छता के वास्तविक मापदंड पर खरा उतरेगा और उदयपुर का नाम राजस्थान प्रदेश के सबसे स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ नगर के रूप में जाना जाएगा। उदयपुरवासियों को भी अब लगता है कि हमारा उदयपुर झीलों की नगरी होने के कारण छोटा कश्मीर कहा जाता है और अब इसके साथ साथ मानचित्र पर भी उदयपुर का काया कल्प जरूर बदलेगा और स्वच्छता में उदयपुर का नाम चमकेगा।

इस अवसर पर अठावाल समाज की महिलाओं द्वारा वीणा अग्रवाल के नेतृत्व में के के गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सुशीला गुप्ता का सम्मान उनके निवास स्थान पर किया गया। इस अवसर पर रेखा अग्रवाल, नीतू गुप्ता, नीलम अठावाल, अंजना मित्तल, रमा मित्तल, मनीता गुप्ता, शारदा अठावाल, निशा गुप्ता, संगीता अठावाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने एक स्वर में कहा कि यायालय द्वारा नियुक्त न्याय मित्र गुप्ता की कार्य कुशलता, अनुभव और मार्गदर्शन के साथ प्रमुख पर्यटक नगरी उदयपुर को सबसे स्वच्छ शहर बनाएंगे। इस पुनीत कार्य में उदयपुर शहर का प्रत्येक नागरिक, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और विद्यालय के छात्र-छात्राएं कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान देश भर में चलाया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्र के बाद शहरी स्वच्छता अपने के लिए शहरी निकायों में भी यह अभियान क्रियान्वित हो रहा है। वही, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और विभाग के कैबिनेट और विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा स्वच्छता अभियान और प्रतिवर्ष होने वाले राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के दृष्टिकोण से उचित मॉनिटरिंग रखते हुए यह प्रयास किया जा रहे हैं कि हमारे प्रदेश से सर्वाधिक संख्या में शहरी निकाय अपनी-अपनी श्रेणी में अव्वल स्थान प्राप्त करें।

इसी क्रम में श्री गुप्ता की न्याय मित्र के रूप में नियुक्ति के उदयपुर के लोगों में भी यह आशा उत्पन्न हुई है कि हमारा शहर भी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण सहित विभिन्न घटक पर शत प्रतिशत कार्य करते हुए सकारात्मक परिणाम के साथ आगामी राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करेगा। न्याय मित्र श्री गुप्ता का कार्य अधिकार क्षेत्र नगर निगम सहित नगर विकास न्यास एवं पूरे उदयपुर जिले के अंतर्गत स्वच्छता से जुड़े हुए सभी विभागों तक है।

# विश्व गुर्दा दिवस पर रन फॉर किडनी का आयोजन

**उदयपुर** (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल,तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं पेसिफिक कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व गुर्दा दिवस 13 मार्च 2024 के अबसर पर आमजन में जागरूकता लाने के लिए रन फॉर किडनी एवं किडनी हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ.मोहित नरेड़ी ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत फतहसागर पर 'स्वस्थ किडनी के लिए प्रारंभिक पहचान को प्राथमिकता देना' थीम पर एक मैराथन दौड़ का आयोजन कर किया गया इस मैराथन दौड को पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के वाइस चॉसलर डॉ.एम.एम.मंगल, यूरोलॉजिस्ट डॉ.हनुवन्त सिंह राठौड,डॉ.क्षितित रॉका,नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.मोहित नरेडी,बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर,फिजियोथेरपी के डीन डॉ.जफर खान एवं नर्सिंग कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर सजय नागदा ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।.

इस अवसर वाइस चॉसलर डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से उदयपुर के नागरिकों में किडनी हेल्थ को लेकर अवेयरनेस बढ़ेगी और लोगो का जीवन समय रहते बचाया जा सकेगा। इस दौड़ में पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्रों एवं मेवाड़ी रनर्स सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन्हे पारितोषिक एवं सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किए गए।

इस दौरान यूरोलॉजिस्ट डॉ.हनवंत सिंह राठौड़ ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में किडनी की महत्ता के साथ साथ आज की जीवन शैली में किडनी के ऊपर होने वाले दुष्प्रभावों से बचाना। साथ ही उन्होने कहा कि किडनी किसी के जीवन को कैसे प्रभावित कर सकती हैं। मानव शरीर को ठीक से काम करने के लिए किडनी की आवश्यकता होती है और स्वस्थ किडनी के बिना सबसे आसान काम भी एक बेहद मुश्किल काम बन जाता है। ऐसे में खानपान और लाइफस्टाइल पर ध्यान देने से किडनी की बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ,मोहित नरेडी ने कहा कि किडनी की बीमारी का शुरुआती दौर में आसानी से पता नहीं चलता है, लेकिन अगर लोग जागरूक रहेंगे और लक्षणों पर ध्यान दें तो समय रहते ही इस बीमारी का पता चल सकता जिससे की इलाज में आसनी हो सके।






# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के कलालघाटा गांव में एक युवक ने अपने ही घर में फंदी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के कलालघाटा निवासी नाथूलाल पुत्र उदाजी बरंडा ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र सुनील बरंडा दो माह से गुजरात में मजदूरी का काम करता था। करीब पांच दिन पहले 8 मार्च को अपने घर लौटा था। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के कलालघाटा में आज सुबह एक युवक घर के पास में बने मकान में बल्ली से फंदे पर लटक गया। मां के साफ-सफाई के लिए कमरे में प्रवेश करने पर घटना का पता चला ओर फंदे पर शव लटका देखकर चिल्लाने लगी।

# ट्रोले की टक्कर से दो युवक गंभीर घायल

**डूंगरपुर।** जिले के कनबा गांव में बुधवार तडके बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रोले से टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों युवक बाइक से उछलकर सडक किनारे पहाड से टकरने दोनों युवको के पैर में गंभीर चोंटे पहुंची है। दोनों युवक होली पर्व को लेकर अहमदाबाद से अपने घर बांसवाडा जा रहे थे की तभी खंबा के पास यह हादसा हो गया। घायलों युवकों को 1०8 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर दोनों का इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार बांसवाडा जिला निवासी अक्षय और लोकेश दिनों गुजरात के अहमदाबाद में काम करते है। होली के त्यौहार घर मानने के लिए अहमदाबाद से बाइक लेकर अपने गांव जा रहे थे। बुधवार सुबह 5 बजे कनबा गांव के निकट सामने से आए तेज रफ्तार ट्रोले ने बाइक को टक्कर मार दी।


**कार्यालय नगर पालिका, नाथद्वारा जिला-राजसमंद (राज.)**

क्रमांक :/न.पा.ना./तामीर/2025/18048 दिनांक 11.3.2025

**आपत्ति सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टाशुदा के आधार पर प्राप्त भुखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें। अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | आवेदित सम्पति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती चन्द्रकला चौहान पत्नी श्री बैजनाथ सिंह चौहान | कृष्णा कॉलोनी फेज 02 भलावतों का खेड़ा नाथद्वारा भूखंड संख्या 15 | आम रास्ता 30 फीट | अन्य की भूमि | भूखण्ड संख्या 14 | भूखण्ड संख्या 16 |

आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालयः भीण्डर, तहसील वल्लभनगर जिला उदयपुर, राजस्थान 313603 ई-मेल: bhinde@bankofbaroda.com

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री मुकेश कुमार मेनारिया पुत्र श्री मांगी लाल मेनारिया** एवं सह-ऋणी **श्रीमती संगीता मेनारिया पत्नी श्री मुकेश कुमार मेनारिया** एवं जमानतदार **श्री आशिष जोशी पुत्र श्री सत्यनारायण जोशी पर मांग सूचना दिनांक 16.12.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 16.12.2024 को बकाया राशि रू. 22,76,966.12 ( रूपये बाईस लाख छिहत्तर हजार नौ सौ छियासठ एवं पैसे बारह मात्र )( दिनांक 16.12.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 07, माह मार्च, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 16.12.2024 को बकाया राशि रू. 22,76,966.12 ( रूपये बाईस लाख छिहत्तर हजार नौ सौ छियासठ एवं पैसे बारह मात्र ) ( दिनांक 16.12.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, भीण्डर शाखा, तहसील वल्लभनगर, जिला उदयपुर, राजस्थान 313603** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री मुकेश कुमार मेनारिया पुत्र श्री मांगी लाल मेनारिया के नाम साम्यिक बंधक आवासीय प्लॉट एवं भवन जो गाँव कलवल, पोस्ट सालेरा, तहसील वल्लभनगर, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1887 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: रास्ता, दक्षिण: श्री गोवर्धन सिंह का मकान, पूर्व: श्री लक्ष्मण अहीर का बाड़ा, पश्चिम: रास्ता

स्थान: उदयपुर हस्ता.
दिनांक: 07.03.2025 प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबन्धक


## दो की मौत, सात घायल

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बौखला गांव में बुधवार प्रात: 5 बजे सडक किनारे खडे ट्रक से निजी बस टकरा गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 1०8 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सभी का इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुजरात के राजकोट से निजी बस यात्रियों को लेकर उत्तर प्रदेश जा रही थी। बौखला गांव के पास बस सडक किनारे खडे ट्रक से टकरा गई। सूचना मिलते ही बिछीवाडा पुलिस ओर 1०8 मौके पर पहुंची। 1०8 पायलट सुनील डामोर, ईएमटी अनिल कटारा, पायलट मणिलाल मानत और ईएमटी सुनील पाटीदार ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# नववर्ष समारोह की तैयारियां जोरों पर

**उदयपुर,( कासं )।** भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में आगामी 28से 30मार्च तक मनाए जाने वाले नववर्ष समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस आयोजन को लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों का दौर जारी है।

इसी क्रम में एकलिंग खंड समिति, रामकृष्ण नगर समिति एवं हारित ऋषि नगर समिति की बैठक संपन्न हुई, जिनमें समाजजन ने बढ चढकर भाग लिया। एकलिंग खंड समिति की बैठक डांगियो की हुन्दर स्थित मां शबरी मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में खंड संयोजक हिम्मत सिंहए महानगर सह संयोजक शम्भू गमेती एवं समाज चौखला सचिव भगवान लालजी भील का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक का संचालन डॉ.हुकम जोशी ने किया। इस अवसर पर मां शबरी के पोस्टर का विमोचन किया गया, साथ ही निर्णय भी लिया गया कि मां शबरी के सवा लाख पत्रक वितरित किए जाएंगे तथा नववर्ष के दिन प्रत्येक घर में मां शबरी व प्रभु श्रीराम के समक्ष नारियल हवन का आयोजन किया जाएगा।रामकृष्ण नगर समिति की बैठक बडगांव पंचायत समिति गार्डन में आयोजित हुई।

# महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर किया जागरूक

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोरचना गांव में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में पंचायत सहायक भानु पालीवाल, लीलाबाई शर्मा, कैलाशी बाई, पुष्पा भाट, फेफीबाई सहित 13० महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्लान इंडिया के सीएचडबल्यू मीना पालीवाल ने महिलाओं को उनके अधिकारों एवं स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जागरूक किया। उन्होंने बच्चों की स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।

जयदीप श्रीमाली ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं पर प्रकाश डाला और पौष्टिक खान पान पर चर्चा की गई, जिससे महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी मिली। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने रंगोली प्रतियोगिता व अन्य खेल गतिविधियों में बढ-चढकर हिस्सा लिया।

अंत में जागरूकता रैली निकालकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस आयोजन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।


